सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 16 फाल्गुन, 1939 (श0) / 07 मार्च, 2018 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 178

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | -- | -- | 104 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | -- | -- | 20 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | -- | -- | 06 |
| (4) जल संसाधन विभाग | -- | -- | 27 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | -- | -- | 12 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | -- | -- | 05 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | -- | -- | 02 |
| (8) पंचायती राज विभाग | -- | -- | 02 |
| | | कुल योग — | 178 |

### तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*559. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत स्थित करेह नदी का पूर्वी तटबंध सिरनियाँ से सिरसिया तक पूर्णत: ध्वस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध के ध्वस्त होने से लाखों की आबादी को प्रतिवर्ष बाढ़ के समय बाँध टूटने का भय बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त करेह नदी के पूर्वी तटबंध को ऊँचा एवं चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सड़क का चौड़ीकरण

*560. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गुलाबबाग से पूर्णियाँ सिटी पथ एवं गुलाबबाग से बीरपुर पथ की चौड़ाई कम रहने से हमेश ट्रैफिक जाम रहता है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथ शहर के व्यस्ततम सड़क में से है और यह सड़क पूर्णियाँ सिटी से बाजार समिति गुलाबबाग कई धार्मिक स्थल एन0एच0 57 के साथ-साथ कटिहार बारसोई एवं बंगाल को जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### योजना की सूची सार्वजनिक करना

*561. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत चयनित लाभुकों की सूची सार्वजनिक करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016-17 में तैयार तरारी विधान सभा के पीरो प्रखंड के 23 पंचायत, तरारी के 19 पंचायत एवं चरपोखरी के 11 पंचायत की सूची अभीतक सार्वजनिक नहीं की गयी है जिसके कारण बिचौलिया सक्रिय हो गये है ;

(3). यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना की तैयार सूची सार्वजनिक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सम्पर्क पथ का निर्माण

*562. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखंडान्तर्गत पंचायत मानिकपुर के ग्राम-पिरही, बढ़हियाँ प्राथमिक विद्यालय तक सम्पर्क पथ नहीं है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम-नरही से ग्राम-पिरही होते हुये ग्राम-बढ़हिया प्राथमिक विद्यालय तक सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*563. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के कोंच प्रखंड के चिचौरा-देवरा पथ से ग्राम-कूँई तक की सड़क पाँच वर्षों से जर्जर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*564. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के रमै पंचायत के घोड़ाघाट गाँव के पास परमान नदी के डहराघाट पर पुल नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*565. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गौरोल प्रखंड के इनायतनगर पंचायत के इनायतनगर ग्राम में दहाउर पासवान का टोला में सम्पर्क पथ नहीं है जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित टोला के लिये सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

साईफन का निर्माण

*566. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के झंझारपुर प्रखंड के झौआ-निर्भापुर के पास नहर में साईफन नहीं होने से किसानों को सिंचाई का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक झौआ-निर्भापुर के निकट नहर में साईफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*567. <u>श्री सुदामा प्रसाद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पीरो प्रखंड अंतर्गत हसन बाजार से तेतरडीह तक जानेवाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*568. <u>श्री हेम नारायण साह</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड महाराजगंज के पंचायत सारंगपुर के ग्राम-सारंगपुर के बरई टोला में नहर पर पुल नहीं होने से वहाँ के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का पुनर्निर्माण

*569. <u>श्री नीरज कुमार</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के बरारी थाना से रौनिया को जोड़ने वाली मुख्य सड़क विगत 25 वर्षों से जर्जर है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का पक्कीकरण

*570. <u>श्री लक्ष्मेश्वर राय</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के बरूआर पंचायत के इंडो-नेपाल सड़क डुमरा ढाला से बगराही पोखर डोम, टोला होते हुये बेचन मंडल के घर तक तथा महुरी पंचायत के महुरी चौक, विश्वकर्मा मंदिर से फहुड़ी गाँव एवं दुर्गा मंदिर होते हुये डोमरा चौक एन0 एच0 104 तक सड़क कच्ची होने के कारण 15 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है ?

## सड़क का पक्कीकरण

*571. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के सिंधिया पंचायत के भूमिहार टोला, वार्ड नं0 1 से मुलरिया पुल होते हुये गोलाबाड़ी तक सड़क कच्ची है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

'क'-*572. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अंतर्गत प्रखंड भगवानपुर हाट के पंचायत मिरजुमला के बाबा बाजार (सकरी बाजार) नदी पर पुल काफी जर्जर है जिसपर आवागमन में आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल का पुन: निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का अधिग्रहण

*573. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में अशोक पेपर मिल से विदेश्वर स्थान सड़क एन0 एच0 57 (फोर लेन) तक जाती है, जो जर्जर है तथा पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण का अर्हता भी रखता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

*574. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला-चकनत्थू प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित पथ के तेलघारा गाँव से डेढ़ कि0 मी0 की दूरी पर बसे सिंह टोला (बथानी) सम्पर्क पथ से वंचित है, जिससे वहाँ की आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में सम्पर्क पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 1529, दिनांक 26 फरवरी, 2018 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्था0।

सड़क का निर्माण

*575. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी आज्था एवं धार्मिक महत्व के पर्यटन स्थलों को बारहमासी सड़क सम्पर्क से जोड़ते हेतु मुख्यमंत्री पर्यटक सम्पर्क पथ योजना चलायी जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड के अंतर्गत डुमरिया पंचायत में अवस्थित प्राचीनतम नागेश्वरनाथ शिव मंदिर को एन०एच० 28 महम्मदपुर-कुशहर-पकड़ी-टंडसपुर-डुमरिया घाट, एन०एच० 28 झंझवा-पकड़ी तथा सुपौली पंचायत स्थित माँ तारा के प्राचीन मंदिर को बरहीमा-सुपौली से जोड़ने वाले बारहमासी पथ नहीं होने के कारण लाखों श्रद्धालुओं/पर्यटकों को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्राचीनतम मंदिरों को मुख्यमंत्री पर्यटक सम्पर्क पथ योजना में शामिल कर बारहमासी सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधूरे हिस्से का निर्माण

*576. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत प्रवाहमान नदी बुढ़ी गंडक के बाढ़ एवं कटाव से बचाव हेतु दो प्रखण्डों (1) सुगौली एवं (2) रामगढ़वा में पूर्व से कैसरे हिन्द बाँध निर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध का विस्तार रामगढ़वा प्रखण्ड के सिंहासनी पंचायत के भेड़िहारी ग्राम तक है, परन्तु भेड़िहारी से त्रिवेणी होते हुये सुगौली पुल तक 4 कि०मी० क्षेत्र में बाँध का कार्य नहीं हुआ है, जिस कारण प्रत्येक वर्ष बाढ़ एवं कटाव की समस्या उत्पन्न होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैसरे हिन्द तटबंध के शेष अंश (अधूरे हिस्से) के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*577. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के धरमपुर चौक से चक हुसैन जाने वाली ग्रामीण सड़क जर्जर है जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिथिशाला का निर्माण

*578. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत हिलसा विधान सभा क्षेत्र के हिलसा मुख्यालय में पथ निर्माण विभाग का आई०बी० (अतिथिशाला) नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिथिशाला बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*579. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखंड कार्यालय पिछले दस वर्षों से जर्जर है और कर्मियों द्वारा कार्यों का निष्पादन जर्जर भवन में ही किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*580. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के उत्तरी उमगा पंचायत में रक्षौल से दूबे बिगहा पथ में झरही नदी पर पुल नहीं है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*581. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत बुढ़न नदी पर घोघराहा के पास पुल का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल के अभाव में रास्ता अवरुद्ध है, जबकि नदी के आर-पार पक्की सड़क का निर्माण हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*582. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी एवं घोघरडीहा प्रखंड स्थित अंधरा-खोपा पथ जिसका निर्माण वर्ष 2006-07 में एम०एन०पी० योजना अंतर्गत हुआ था, मरम्मती के अभाव में जर्जर होने के कारण उसपर आवागमन ठप हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*583. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के पश्चिमी सरोत्तर अति पिछड़ा निषाद टोला से पूर्वी सरोत्तर महादलित टोला तक सड़क कच्ची है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*584. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के कोयला बेलवा एवं शीर्षपट्टी में नलकूप सिंचाई सुविधा हेतु तैयार है, लेकिन ऑपरेटर नहीं होने से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*585. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड के जाले साथी चौक से रेवढा होते हुये बसंत तक एवं सहसपुर पंचायत के सहसपुर गाँव (एस०एच० 52) से जोगियारा पंचायत के जोगियारा गाँव के सीमा तक सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि है उक्त सड़कों के अनुरक्षण की समय-सीमा समाप्त हो गयी है तथा श्रेणी-1 की अर्हता भी रखती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*586. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में हथुआ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड हथुआ में मोइरौली शिव मंदिर से मछागर जगदीश-टंडवा पथ तथा सेमराँव से पचफेरा पथ क्षतिग्रस्त है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*587. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत माँ मुण्डेश्वरी एवं बखारी देवी धाम विख्यात धार्मिक स्थल है, जिसका दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिये लोग आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि माँ मुण्डेश्वरी धाम से लोहरा खुर्द होते दुबौली से बखारी देवी तक जाने वाली 20 कि०मी० सड़क जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*588. डॉ० मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखंड अंतर्गत कलई-मंजुरा मार्ग में स्थित घटवारी पुल जर्जर हो चुका है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का अधिग्रहण

*589. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के पी०डब्लू०डी० सड़क से भाया भारत चिमनी, तेतारपुर, चाँहटिया तक की सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है एवं यह 7 पंचायतों का लाइफ लाईन सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि देना

'ख'*590. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सिमरी प्रखंड अन्तर्गत दिनांक 24 मई, 2012 को नियाजीपुर गर्जन पाठक के डेरा, अभिलाख यादव का डेरा एवं दादाबाबा का डेरा पर भीषण अग्नि कांड हुआ था, जिसमें वासुदेव बिन्द, ब्रम्हदेव बिन्द, रामाश्रय बिन्द, रामविलास बिन्द इत्यादि बिन्द परिवारों के जान-माल की भारी क्षति हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अग्नि कांड के तत्काल बाद माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा घटना स्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार को आवास बनाने हेतु जिला प्रशासन को निदेश दिया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला प्रशासन द्वारा सभी पीड़ित परिवारों को मकान बनाने हेतु एक किस्त राशि का आवंटन किया गया है और आजतक दूसरी किस्त की राशि पीड़ित परिवारों को नहीं देने से मकान का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अग्निकांड के पीड़ित परिवारों को मकान बनाने हेतु दूसरी किस्त की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख' आपदा प्रबंधक विभाग के ज्ञापांक 462, दिनांक 20 फरवरी, 2018 द्वारा ग्रामीण विकास विभाग में स्था०।

दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

*591. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत बस्तीजलाल पंचायत के बस्तीजलाल ग्राम स्थित एन०एच० 19 (महावीर मंदिर के निकट) से भरत राय के घर (पुलिया) तक पथ में मिट्टीकरण एवं ईंटाकरण हेतु उप-विकास आयुक्त, सारण ने ज्ञापांक 147, दिनांक 17 जनवरी, 2014 द्वारा 21,66,000 रु० की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति दिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा उक्त पथ में बिना कार्य प्रारम्भ किये रुपये की निकासी कर ली गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अभियंता की नियुक्ति

*592. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016 से जिला परिषद् भोजपुर में जिला अभियंता का पद खाली है, जिससे विकास कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पद पर जिला अभियंता की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*593. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डंडखोरा प्रखंड के द्वाशय ग्राम पंचायत में राजकीय नलकूप का निर्माण 6 वर्ष पूर्व पूरा हो गया है, लेकिन आजतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय चालू करना

*594. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डंडखोरा प्रखंड के श्रमिक विद्यालय, डंडखोरा एवं श्रमिक विद्यालय, द्वाशय विगत 6 माह से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों विद्यालयों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*595. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के नगमा रोड से बैजदा गाँव तक सड़क कच्ची है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का मरम्मती

*596. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला में एन०एच० 101 हल्दीया मोड़ से जिला मुख्यालय सीवान जाने वाली पथ में इमिलिया मोड़ से जामो बाजार होते हुये बड़हरिया पथ जर्जर है जबकि पाँच साल पहले इस पथ का निर्माण हुआ था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का नर्माण

*597. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के एस०एच० (शम्भूपट्टी पाइप फैक्ट्री) के निकट से नारायणपुर डढ़िया जाने वाली ग्रामीण सड़क जर्जर है जिसमें बरसात के दिनों में सड़क पर जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो सड़कार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*598. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दुल्हिन बाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-मोकिमपुर एवं ग्राम-सवजपुरा के मध्य में सोता पर चार वर्ष पूर्व पुल का निर्माण हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्याप्त मात्रा में जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद ग्राम-मोकीमपुर एवं ग्राम-सवजपुरा के मध्य में सोतापर सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारातमक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर सम्पर्क पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

साइफन का पुनर्निर्माण

*599. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के गवालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत खुरहान वितरणी नहर में 20 आर०डी० के पास साइफन वर्ष 2008 में आयी बाढ़ में ध्वस्त हो चुका है, जिससे नहर का पानी आस-पास के लगभग 500 एकड़ खेतों में प्रवाहित होता है, जिससे फसल को नुकसान पहुँचता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त साइफन का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथांश का पक्कीकरण

*600. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड के असिया ग्राम के नान्हु पासवान के घर से कपिलेश्वर राय के घर तक सड़क में नान्हु पासवान के घर से प्राथमिक विद्यालय असिया तक की सड़क का पक्कीकरण प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना से करा दिया गया, परन्तु प्राथमिक विद्यालय, असिया से कपिलेश्वर राय के घर तक के सड़क के भाग पर पक्कीकरण का कार्य नहीं किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के उक्त पथांश का पक्कीकरण कार्य नहीं होने से आवागमन बाधित है तथा 1,100 की आबादी प्रभावित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रा० विद्यालय, असिया से कपिलेश्वर राय के घर तक के पथांश का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*601. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार शहर के हरदयाल चौक स्थित आशुतोष पार्क के समीप जिला परिषद् की जमीन पर जिला परिषद् द्वारा तीन साल पहले अठारह (18) दूकानों (कटरे) का निर्माण कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बने हुये अठारह दूकानों (कटरा) को अभीतक किराये पर नहीं लगाया गया है जिससे जिला परिषद् को राजस्व की भारी क्षति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अठारह दूकानों (कटरों) को किराये पर लगाने एवं राजस्व की क्षति के जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिह्नित कर उनपर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

मानदेय का भुगतान

*602. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 125 सरकारी आई०टी०आई० कार्यरत हैं, जहाँ पढ़ाने के लिये गेस्ट लेक्चरर को प्रति वर्ग मात्र 300 रु० का भुगतान किया जाता है, जबकि पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों के गेस्ट लेक्चरर को प्रति वर्ग 1,000 रु० दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रतिष्ठानों में पढ़ाने वाले गेस्ट लेक्चरर की योग्यता एक ही रहने के बाद भी उनके मानदेय में समानता नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आई०टी०आई० के गेस्ट लेक्चररों को इंजीनियरिंग कॉलेज के गेस्ट लेक्चररों के समान मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पथ की मरम्मती

*603. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कटिहार अंतर्गत ईमली गाछ से हफलागंज पी०एम०जी०एस०वाई० पथ में प्रतैली चौक से पथलवाड़ी होते हुये हफलागंज-कुरैठा ग्रामीण पथ जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## सड़क का पक्कीकरण

*604. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के फरकिया पंचायत के ग्राम-फरकिया में मज्जू आलम के घर से भेदी राय, कमलू शर्मा के घर होते हुये खोखा-सीमान, जलालगढ़ जाने वाली पक्की सड़क तक 2.5 कि०मी० सड़क पर बरसात में जल-जमाव एवं कीचड़मय हो जाने से आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## बाँध का जीर्णोद्धार

*605. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखण्ड में धर्मावती नदी में बहुआरा एवं बभनी गाँव के पास बाँध जर्जर हो गया है, जिससे किसानों का सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँधों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## आउटलेट का निर्माण

*606. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नहर के बाँध की सुरक्षा हेतु नहर में आउटलेट बनाकर सिंचाई करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के भगवानपुर प्रखंडान्तर्गत माछागरा लघु उप-वितरणी गंडक योजना के ग्राम-चेरौली से माछागरा ग्राम तक कुल 10 जगहों पर बिना आउटलेट बनाये ही पाइप लगाकर एक-एक हजार फीट तक का पक्का नाला वर्ष 1976 से बनाया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर की ढलैया कार्यक्रम के तहत ग्राम-चौरौली के हीरा गिरी के मकान के नजदीक नहर में लगे पाइप पाँच जगहों पर सफाई के दौरान पाइप टूट गये हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ढलाई कार्य के पूर्व आउटलेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डी०पी०आर० उपलब्ध नहीं कराने का औचित्य

*607. श्री अजीत शर्मा---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत महिला कॉलेज-मिरजानहाट पथ के 3रे (तीसरे) कि० मी० में प्रस्तावित रेलवे पुल (आर०ओ०बी०) का निर्माण दो वर्ष पूर्व से प्रस्तावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव ने प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना को अपने विभागीय पत्रांक प्रे०-8/आर०ओ०बी० 9-01/2010-5721, (ई), दिनांक 10 अक्तूबर, 2017 द्वारा विषयांकित कार्य का डी०पी०आर० उपलब्ध कराने का निदेश दिया है, परन्तु अभीतक डी०पी०आर० उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

----------

स्लूईस गेट की मरम्मती

*608. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखण्ड के भगवानपुर स्लूईस गेट और मसदपुर स्लूईस गेट के क्षतिग्रस्त रहने से सिंचाई में बाधायें होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्लूईस गेटों को कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

जल प्रबंधन की कार्रवाई

*609. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखण्ड में अमसौर तथा समना चौर में साल के अधिकांश महीने कृषि योग्य भूमि में जल-जमाव रहती है, जिससे स्थानीय कृषकों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भूमि पर जल-जमाव की समस्या के निराकरण हेतु जल प्रबंधन की कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*610. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखण्ड के एन०एच० 31 बरण्डी नदी के आंचल इंडिया के पीछे छोहार से मोहजान तरफ जानेवाली बाँध जर्जर है एवं बाँध पर निर्मित सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध को ऊँचा कराने एवं सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*611. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत बरौनी और बीरपुर प्रखण्ड को जोड़ने वाली बीरपुर से भाया गभुआ, बलुआरा मैदा बभनगामा तक 4.3 कि० मी० लम्बी सड़क जर्जर है, जिससे दोनों प्रखण्डों के आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*612. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के मुरारपुर से रमपुरवा भाया मनोहर, छपरा कब्रिस्तान तक की सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है एवं यह सड़क राज्य कोर नेटवर्क के प्रस्तावित सूची में भी अंकित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क एक तरफ पी०डब्लू०डी० रोड एवं दूसरी तरफ P.M.G.S.Y. रोड को जोड़ती है, बीच में यह सड़क जर्जर होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आर०ओ०बी० बनाना

*613. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पथ निर्माण विभाग की सड़क लहेरियासराय-बहेड़ी पथ पर पंडासराय रेलवे गुमटी नं० 18 पर रेल ओभर ब्रीज नहीं रहने के कारण प्रायः भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित जाम की समस्या से छुटकारा के लिये उक्त स्थान पर आर०ओ०बी० बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*614. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखण्ड के सरोत्तर से पुरैना को जानेवाली नहर के किनारे की सड़क कच्ची है जिससे आम लोगों का आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*615. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के सिधलबैंक प्रखंडान्तर्गत नया बाजार तुलसिया से बीबीगंज के मध्य में दो स्थानों पर पुल टूटा होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ की मरम्मती

*616. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में हथुआ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड फुलवरिया में रामपुर कला से श्रीपुर जाने वाली पथ तथा बधुआ बाजार से बगही पथ क्षतिग्रस्त है, जिससे ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*617. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में गोधनी मुख्य पथ से कल्याणपुर होते हुये अख्तियारपुर-परैया मुख्य पथ तक सड़क जर्जर है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*618. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित कुर्सो-बसीपट्टी प्रधान मंत्री सड़क में चटनमा और भगता गाँव के बीच तिलयुगा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण सड़क पर आवागमन पूर्णत: बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*619. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से खरौना में निर्मित सड़क से श्री विजय चौधरी के घर होते हुये महादलित सहनी टोला से फोर लेन तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*620. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र के बंशी सूर्यपुर प्रखंडान्तर्गत पंचायत बलौरा के ग्राम-मुन्नागंज तक सम्पर्क पथ नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बलौरा-सेनारी पथ से ग्राम-मुन्नागंज तक सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*621. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहगाँव प्रखंड अन्तर्गत बीरबन्ना पंचायत के ग्राम नन्दगोला मोड़ से ग्राम-तोफिल, अंठावन होते हुये ग्राम-बीरबन्ना तक की लगभग 8 कि0मी0 ग्रामीण सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़क की मरम्मती प्राथमिकता के आधार पर करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*622. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत बड़हारा विधान सभा के ख्वासपुर पंचायत गंगा पार अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में आवागमन हेतु पीपा पुल का उपयोग साल में आठ माह ही हो होता है और बरसात में चार माह प्रखंड मुख्यालय से आने-जाने हेतु 100 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ख्वासपुर गंगा घाट पर स्थायी पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*623. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत दरौली प्रखंड में दरौली-मैरवां पथ ग्राम-दोन से विश्वनिया भाया ग्राम-लेजा पथ का निर्माण वित्तीय वर्ष 2007-08 में एम0एम0जी0एस0वाई0 के तहत कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ रख-रखाव एवं मरम्मती के अभाव में जर्जर हो गया है जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई

*624. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एन0 एच0-333ए के खैरा-सोनो में नवनिर्मित नरियाना पुल में एक पाया (पीलर) घटिया निर्माण के चलते धंस गया है जिससे आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि असामाजिक तत्वों द्वारा डायभर्सन निर्माण कर अवैध वसूली की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पुल के घटिया निर्माण एवं अवैध वसूली की जाँच कराकर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुये वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*625. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत N.H. 104 से कोरिमाही करबन्ना तक बाढ़ के कारण सड़क में निर्मित दो पुलिया एवं सड़क बाढ़ के कारण ध्वस्त हो गया है साथ ही रधाऊर पंचायत के ग्राम-रधाऊर में सिंहासन बैठा के घर से शंकरपुर जानेवाली सड़क एवं उसपर निर्मित पुलिया ध्वस्त होने के साथ-साथ सड़क जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराते हुये ध्वस्त पुलिया के स्थान पर नये पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*626. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के धबौली दक्षिणी पंचायत के कारगिल चौक से बोरिया महादलित टोला तक की सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2017 के अगस्त में शुरू हुआ था घटिया निर्माण के कारण मात्र छ: महीने के अंदर ही सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कारगिल चौक से बोरिया महादलित टोला तक निर्मित सड़क की जाँच कराते हुये दोषियों पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्षी बिहार का दर्जा देना

*627. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड और जन्दाहा प्रखंड के अन्तर्गत बरैला झील हजारों एकड़ में फैला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त झील में हजारों के तादाद में अक्टूबर से लेकर मार्च तक साइबेरियन पक्षी आकर प्रवास करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित झील को कबतक पक्षी बिहार का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुख्य मार्ग से जोड़ना

*628. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत गिरीयक प्रखंड के गाजीपुर पंचायत के सोकुचीडीह ग्राम में लगभग 900 आबादी है परन्तु कोई सम्पर्क पथ नहीं है जबकि 250 आबादी वाले गाँवों को बारहमासी पक्की सड़क से जोड़ने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चेकडैम बनाना

*629. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के महादेव खोह और तिउरा गाँव के पास टीटही नदी में चेकडैम नहीं रहने के कारण पहाड़ी नदियों से बरसात के दिनों में जब बाढ़ आती है तो किसानों का फसल बर्बाद हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक टीटही नदी एवं महादेव खोह पर चेकडैम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*630. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड के बिशुनपुर चौक से भवानीचक पानवड़िया जानेवाली पथ तथा बिशुनपुर से किशनपुर बलुआ जानेवाली पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल, धमदाहा द्वारा उक्त दोनों पथ की मरम्मती हेड वर्ष 2017 में ही विस्तृत डी0पी0आर0 मुख्यालय, पटना में समर्पित किया गया है परन्तु अभीतक स्वीकृति नहीं मिल पायी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों पथों की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधूरे कार्य को पूरा करना

*631. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 में भागलपुर जिला अंतर्गत सबौर प्रखंड में 6.975 कि0 मी0 लम्बी राजपुर-मुरहन पथ एन0 बी0 सी0 सी0 को पूरा करने की जिम्मेदारी दी गयी थी, वहीं उक्त सड़क में एक आर0 सी0 सी0 पुल के निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य प्रमंडल, भागलपुर को सौंपा गया था, जिसे दिनांक 9 अगस्त, 2007 तक पूर्ण करना था, परन्तु आजतक अधूरा है, जबकि एन0 बी0 सी0 सी0 ने भागलपुर से अपना कार्यालय एवं कर्मचारियों को हटा लिया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त राजपुर-मुरहन पथ एवं पुल के अधूरे कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*632. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत बनकटिया में जनता बाजार से माईनर नहर होते हुये तिवारी चकिया तक की सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*633. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड में जी0 टी0 रोड से सिहुली कब्रिस्तान तक सड़क जर्जर रहने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पहुँच पथ का निर्माण

*634. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में रफीगंज-इटाद मुख्य पथ के धोवा नदी पर वर्ष 2014 में तेयुरा पुल निर्माण हुआ था, किन्तु पुल के दोनों तरफ से पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने से पुल पर आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुल के दोनों तरफ पहुँच पथ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*635. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलबैंक प्रखंड के तुलसिया पी0 डब्लू0 डी0 सड़क से आर0 ई0 ओ0-बी0 बी0 गंज जाने वाली सड़क के बीच पुठमारी धार में पुल ध्वस्त हो गया है जिसके कारण बहादुरगंज, टेढ़ागाच्छ एवं दिघलबैंक प्रखंड के आम जनता का आवागमन बंद हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

टोला को सड़क से जोड़ना

*636. डॉ0 (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में ग्रामीण टोलों को जोड़ने के लिये ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना चलाई गई है जिसमें आरा विधान सभा क्षेत्र के टोले को भी पथों से जोड़ना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस योजना के तहत अभीतक आरा विधान सभा के डुमरा पंचायत के नवागाँव टोला एवं कराड़ी पंचायत के टेवढ़ी दलित टोला को सड़क से नहीं जोड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण टोलों को सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध की मरम्मती

*637. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अंतर्गत गोविन्दपुर पंचायत में निसुन्धरा पुल के दक्षिण धामस बाँध जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध की मरम्मती करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*638. डॉ0 अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत नवहट्टा प्रखंड के कोसी नदी के उप-शाखा के डरहार घाट पर पुल नहीं रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क की मरम्मती

*639. <u>श्री नारायण प्रसाद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के भंगमलही पुल से लेकर टेंगराही घाट (चम्पारण तटबंध से सीधा आगे) तक की सड़क जर्जर है जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### कटाव रोधक कार्य कराना

*640. <u>श्रीमती वर्षा रानी</u>--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत बैकठपुर दुधैला में चार सौ ग्रामीणों के घर के अलावे प्राथमिक विद्यालय, बैकठपुर, मध्य विद्यालय, दुधैला का दक्षिणी हिस्सा वर्ष 2017 में गंगा नदी में विलीन हो चुका है तथा दुधैला के 250 घरों एवं पूर्वोत्तर में स्थित चौहद्दी ग्राम के 300 घरों का भी गंगा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कटाव स्थलों पर कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### जाँच एवं दोषी पर कार्रवाई

*641. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अंतर्गत महानन्दा बाँध पर सिंहेश्वर चौक से कमरूद्दीन टोला तक बन रही सड़क के किनारे लगे सरकारी शीशम, बबूल, गंभार, आम के लाखों रु० के पेड़ों को विभागीय और वन विभाग से आदेश प्राप्त किये बिना काटकर होलीहोक इन्फ्रास्ट्रक्चर कम्पनी प्रा०लि० के ठीकेदार विशाल प्रशांत ने बेच दिया है, यदि हाँ, तो सरकार जाँच कराकर दोषी पर समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### प्रखण्ड का दर्जा देना

*642. <u>श्री राजेन्द्र कुमार</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड के गायघाट तथा माणिकपुर पंचायत प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 कि०मी० की दूरी पर स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड मुख्यालय से पंचायतों की दूरी अधिक होने के कारण गरीब जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गायघाट या माणिकपुर पंचायत को प्रखंड का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि उपलब्ध कराना

*643. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा एवं नगरा प्रखंडों में निबंधित एवं अनिबंधित राजमिस्त्रियों को औजार खरीदने हेतु सरकारी सहायता राशि नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों प्रखंडों में कैम्प लगाकर औजार खरीदने हेतु राजमिस्त्रियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऑपरेटर का पदस्थापन

*644. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट विधान सभा क्षेत्र में 85 राजकीय नलकूप हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी नलकूपों पर ऑपरेटर का पदस्थापन नहीं होने के कारण सिंचाई कार्य बाधित है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी नलकूपों पर ऑपरेटर का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*645. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखंड के हरिपुर दुर्गा मंदिर से शिवाजीनगर प्रखंड के बेला चौक होते हुये ग्राम चितौरा अर्जुन मंडल के घर तक दो प्रखंडों को जोड़ने वाली सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क महत्वपूर्ण होने के बावजूद विभाग के किसी भी कोर नेटवर्क की सूची में शामिल नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*646. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र के पातेपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत भेरोखड़ा, ग्राम नौवाचक मुनक्का पासवान के घर के निकट से पूरब की ओर जाने वाली भाया उ०म०वि० शाहपुर होते हुये शाहपुर बाँध तक सड़क जर्जर है जिससे आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का चौड़ीकरण

*647. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला मुख्यालय के कोतवाली चौक से रैयाम-औंसी-जीरो-माईल-विस्फी तक का पथ निर्माण विभाग की सड़क सिंगल लेन है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पईन की उड़ाही

*648. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड के तोल पंचायत तथा चन्द्रगढ़ पंचायत की सिंचाई आहर एवं पोखर से होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों के बाघी, लखनपुर में आहर और पोखर, पईन की उड़ाही, मरम्मती विगत 10 वर्षों से नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के आहर, पोखर, पईन की उड़ाही/मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## नलकूप स्थापित करना

*649. श्री अनिल कुमार यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत, जाना के ग्राम-झमटापर में आजतक एक भी राजकीय नलकूप नहीं होने से दक्षिणी खंदहा की खेती योग्य जमीन सालोंभर बंजर रह जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम के दक्षिणी खंदहा में एक राजकीय नलकूप स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का पक्कीकरण

*650. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के हरिहांस से भटटोली सड़क कच्ची होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*651. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बरौनी प्रखंड के नींगा पंचायत में सिमरौना से लेकर नींगा तक डेढ़ कि०मी० लंबी सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*652. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड के चक्कोसहलोरी एवं जगदीशपुर में स्थित सरकारी नलकूप पाँच वर्षों से बंद पड़े हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी का पदस्थापन

*653. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा प्रखंड में विगत कई वर्षों से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी का पद रिक्त रहने से श्रमिक कल्याण की सभी योजनाएँ प्रभावित हो रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*654. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में सेमरी प्रखंड के सेमरी पंचायत से बड़का राजपुर तक 9 कि०मी० लंबी सड़क का निर्माण वर्ष 2017 में किया गया था किन्तु मानक के अनुरूप निर्माण नहीं होने से निर्माण के 6 माह बाद सड़क टूटने लगी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क निर्माण की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये नये सिरे से सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्यूबवेल चालू करना

*655. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत खिजरसराय प्रखंड के ग्राम-बख्तार में ट्यूबवेल (नलकूप) बंद है जिससे कृषकों का सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ट्यूबवेल (नलकूप) को चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*656. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के किउल नदी पर मानपुर-बेला-सगदाहा, तरीदाविल से नरियाना-चाचों सम्पर्क पथ पर एवं सिकेरीया पथ में कल्याणपुर पोलिटेक्निक कॉलेज के पास पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वितरणी का जीर्णोद्धार कराना

*657. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण (बेतिया) जिलान्तर्गत त्रिवेणी कैनाल रक्सौल डिवीजल स्थित त्रिवेणी शाखा नहर से जमुनिया-उप-वितरणी (सिंगाही) विगत 20 वर्षों से जर्जर रहने के कारण धोकराहा, तौलाहा, बभनी के कृषकों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वितरणी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बोल्डर पिचिंग कराना

*658. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के हरसेट घाट, बड़ा भारती घाट एवं रघई घाट के उत्तरी एवं दक्षिणी किनारे घनी आबादी है, जहाँ बुढ़ी गंडक नदी में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर बोल्डर पिचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पक्कीकरण

*659. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के बडरम पंचायत के पाण्डेयपुर दलित बस्ती को जाने वाली पक्की सड़क के मध्य में एक कि० मी० सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त एक कि० मी० कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क निर्माण की जाँच

*660. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के प्राणपुर रोड नं० 17 से सत्तौर तक मुख्यमंत्री सड़क निर्माण योजना से (वर्ष 2017-18) सड़क निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में अबतक तीन स्थान पर पुल बनाया गया है, जिसमें तीन नं० ईंट, लोकल बालू तथा पतला लोहे के छड़ का उपयोग किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच करकर प्राक्कलन के अनुसार कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जलवाहा की उड़ाही

*661. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नार्थ कोयल नहर के सिमरा माईनर तथा फुटहवड़ा जलवाहा की उड़ाही एवं मरम्मती का कार्य नहीं होने से किसानों को सिंचाई कार्य करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त माईनर एवं जलवाहा की उड़ाही एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जल-जमाव से निजात

*662. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत पथ प्रमंडल, मधेपुरा के अधीन प्रखंड मुख्यालय आलमनगर स्थित आलमनगर बाजार पोस्ट ऑफिस चौक से निकट पक्की पथ पर जल-जमाव रहता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान से जल-जमाव की समस्या का स्थायी समाधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*663. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला स्थित बक्सर, पटना मुख्य सड़क (विश्वामित्र हॉस्पीटल, गोलंबर के नजदीक) से छोटी सारीमपुर तक सड़क क्षतिग्रस्त है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## सम्पर्क पथ का निर्माण

*664. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गौरोल प्रखंड के रूसुलपुर, तुर्की पंचायत के रहसा पूर्वी ग्राम में बादल दास का टोला में सम्पर्क पथ नहीं है, जिससे उक्त टोला के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला के लिये सम्पर्क पथ का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पुल का निर्माण

*665. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत पंडुकिया मिलिक से बभनगामा जाने वाली पथ में पड़ोकिया धार पर पुल नहीं होने से धार के दोनों तरफ सड़क के निर्माण के बावजूद आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त धार पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पथ का निर्माण

*666. श्री अत्री मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत थरथरी प्रखंड के होरिल बिगहा से रूपासपुर को जोड़ने वाली सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*667. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत एन० एच० 103 सड़क पर जन्दाहा बाजार में कुशवाहा चौक से बाया नदी तक बरसात में जल-जमाव हो जाता है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*668. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड के फतेहपुर ग्राम में पुरानी बागमती नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाली का निर्माण

*669. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड के गुड़रू पंचायत के बगडीहा गाँव में लीला देवी के घर से सुरज चंद्रवंशी के घर होते हुये पी०सी०सी० सड़क तक नाली का निर्माण एवं ईंटीकरण नहीं किया हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर ईंट सोलिंग एवं नाली का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*670. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नावकोठी प्रखंड अन्तर्गत छतौना हनुमान मंदिर चौक आर०ई०ओ० मेन रोड से सेन्ट्रल बैंक होते हुये झपड़ा आम तक की सड़क जर्जर है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## बाँध का निर्माण

*671. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड के दियर इलाका-पहलेजा, गंगाजल, शाहपुर दियारा, नजरमीरा, सबलपुर के चारों पंचायत आदि प्रतिवर्ष बाढ़ एवं कटाव से प्रभावित रहने के चलते बचाव एवं राहत कार्य में करोड़ों रुपये खर्च होता है, परन्तु समस्या का सामाधान नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र को बाढ़ एवं कटाव से मुक्ति दिलाने हेतु पहलेजाघाट-गंगाजल-सबलपुर होते हुये कालीघाट हरिहरनाथ मंदिर तक रिंग बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का पक्कीकरण

*672. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखण्ड के गया रजौली पथ में डिबर-बरडीहा पथ से खमरा ग्राम तक कच्ची सड़क है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## बाँध की मरम्मती

*673. श्री श्याम बाबु प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सिकरहना बूढ़ी गंडक नदी के दायाँ तटबंध के वाटरगंज से सेमरा मोड़ तक एवं बायाँ तटबंध के गरहियाँ खैरवा से गालिमपुर तक का भाग एवं उन तटबंध पर स्थित स्लुईस गेट जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँधों की मरम्मती कराते हुये उसका पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*674. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत खेसर जलानी पथ के तारापुर से 18.40 कि०मी० ग्रामीण पथ जिसमें 15 कि०मी० तक का मरम्मती कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 3.40 कि०मी० सड़क जर्जर है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त शेष जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----

## नलकूप चालू करना

*675. <u>श्रीमती बेबी कुमारी</u> --क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभान्तर्गत अधिष्ठापित राजकीय नलकूप ऑपरेटर के अभाव में विगत वर्ष 2016 से बंद है जिससे कृषि पटवन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार राजकीय नलकूप ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति करते हुये खण्ड (1) में वर्णित बंद पड़े नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*676. <u>श्रीमती बेबी कुमारी</u> --क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुसहरी प्रखण्ड के अधीन आखाड़ाघाट बाँध से मुशहरी मंदिर होते हुये बोचहा तक जानेवाली बाँध पर सड़क के निर्माण हेतु सरकार ने वर्ष 2016 में ही निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य आवंटन होने के बावजूद भी आजतक कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड 1 में वर्णित बाँध पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*677. <u>श्रीमती लेशी सिंह</u> --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखण्ड के मोगलिया पुरन्दाहा पश्चिम पंचायत के अरमाकुण्ड आदिवासी टोला को अभीतक पक्की सड़क बनाकर गरेल मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है, जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला को गरेल मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण कर जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*678. <u>श्री फैयाज अहमद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत सादुल्लाहपुर मुख्य सड़क बैजनाथ दास के घर से हसन अख्तियारी तक की लगभग 3 कि०मी० सड़क जर्जर रहने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## रिक्त पद को भरना

*679. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया आई0 टी0 आई0 के 13 ट्रेड में 316 सीट के विरुद्ध मात्र 269, सेमरा बाजार आई0 टी0 आई0 के 6 ट्रेड में 158 सीट के विरुद्ध 130, नरकटियागंज आई0 टी0 आई0 में 6 ट्रेड में 158 सीट के विरुद्ध 104 तथा बेतिया में 4 ट्रेड में 084 सीट के विरुद्ध मात्र 19 प्रतिभागियों का नामांकन हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय उदासीनता के कारण इच्छुक प्रतिभागी का नामांकन खंड (1) के आई0 टी0 आई0 कॉलेजों में नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभिन्न ट्रेडों के रिक्त सीटों पर योग्य छात्रों का नामांकन लेकर रिक्त सीट को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि राज्य के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद्, बिहार, पटना के द्वारा आयोजित आई0 टी0 आई0 कैट (ITI CAT) के माध्यम से होता है ।

प0 चम्पारण जिलान्तर्गत कुल 3 सामान्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं एक महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है । सत्र 2017-18 एवं 2017--19 में उक्त जिला के विभिन्न संस्थानों में स्वीकृत सीटों के विरुद्ध नामांकन की स्थिति निम्नवत है :--

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेतिया में चल रहे 13 व्यवसायों के कुल स्वीकृत 316 सीट के विरुद्ध 268 प्रतिभागियों का नामांकन हुआ है ।
2. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सेमरा बाजार, बगहा में चल रहे 06 व्यवसायों के कुल स्वीकृत 158 सीट के विरुद्ध 136 प्रतिभागियों का नामांकन हुआ है ।
3. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नरकटियागंज में चल रहे 6 व्यवसायों के कुल स्वीकृत 158 सीट के विरुद्ध 146 प्रतिभागियों का नामांकन हुआ है ।

तथा

4. महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेतिया में चल रहे 4 व्यवसायों के कुल स्वीकृत 84 सीट के विरुद्ध 20 महिला प्रतिभागियों का नामांकन हुआ है ।

(2) अस्वीकारात्मक ।

उल्लेखनीय है कि बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, बिहार, पटना द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा में सफल प्रतिभागियों का काउन्सिलिंग के उपरान्त चयन कर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु अनुशंसा की जाती है और रिक्त सीट रहने की स्थिति में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा द्वितीय काउन्सिलिंग कर रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रतिभागियों का चयन किया जाता है ।

(3) उपरोक्त कंडिकाओं में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

---

## अभियंता का पदस्थापन

*680. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के कार्यान्वियन हेतु स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल 1, गया में मात्र एक सहायक अभियंता कार्यरत है जिससे योजना्ओं के कार्यान्वियन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त सहायक अभियंता के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी का निकासी

*681. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड के ग्राम-दिहुली से जमुई बाजार तक जानेवाली सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के दोनों तरफ नाला नहीं रहने के कारण ग्राम-सोनियावां में प्राय: गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार करने एवं ग्राम-सोनियावां में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*682. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के बेलसंड छतौनी पथ में बसौल घाट पर 4 वर्ष पूर्व पुल का निर्माण किया गया है लेकिन एप्रोच पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल पर एप्रोच पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*683. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के आन्दर प्रखंड में ग्राम-छाजवा सोना नदी पुल से आन्दर प्रखण्ड मुख्यालय तक ईंट सोलिंग सड़क जर्जर हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है ?

------------

पुल का निर्माण

*684. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत देसरी प्रखंड के धर्मपुर रामराय पंचायत में हजमीर बाबा के स्थान के निकट नहर पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सत्यता की जाँच कराना

*685. डॉ0 (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा शहर में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग का कार्यलय है, किन्तु आरा में कार्यपालक अभियंता सप्ताह में पाँच दिन अनुपस्थित रहते हैं जिससे आम जनता को कार्य कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनुपस्थित रहने वाले उक्त पदाधिकारी की सत्यता की जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल की मरम्मती

*686. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत रामपुर, बसंतपुर फरासूत पथ के मरूवाधार पर समसुद्दीन के घर के निकट का पुल वर्ष 2012-13 से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध बनाना

*687. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के कुसमाहा पंचायत के कुसमाहा बाजार से सारे सिंधिया नदी के दोनों के किनारे पर रिंग बाँध नहीं होने के कारण किसानों एवं आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के रिकरा मुसहरी से आमगाछी गाँव के बीच नदी के दोनों छोर पर बाँध बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*688. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के ग्राम-खरसेल से ठाकुरगंज प्रखंड के खानाबाड़ी जानेवाली 5 कि0मी0 सड़क कच्ची है जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल बनाना

*689. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के गैड़ा पंचायत के सफीपुर छोटी कब्रिस्तान के पास बिजुलिया नहर 11 आर0डी0 पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*690. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखंड के बखरी परिहारा पथ से शोभा स्थान होते हुये खगड़िया सीमा तक की सड़क जर्जर है जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*691. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के रूपौली विधान सभा अन्तर्गत भवानीपुर प्रखंड में बड़हरी मुख्य मार्ग से लाठी पंचायत (बोचाही के शिव मंदिर) तक की पक्की सड़क जर्जर है जिस कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*692. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के पी0डब्लू0डी0 सड़क चरैया से डिग्री कॉलेज बायसी स्थित चरैया भसिया जानेवाली सड़क का मुख्यमंत्री योजनान्तर्गत 2 वर्ष पूर्व में निर्माण कार्य हो चुका है किन्तु भसिया धार के पास पुल का निर्माण नहीं हुआ है जिससे आम लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का अधिग्रहण

*693. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत एन0एच0 103 सड़क के जन्दाहा गाँधी चौक से पटोरी जानेवाली आर0ई0ओ0 सड़क जो दो अनुमंडल तथा दो जिला को जोड़ती है एवं पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण होने का सभी पात्रता रखती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*694. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के बालू टोला सधुवैली से गढ़िया तक सड़क कच्ची है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है जबकि यह सड़क कसबा प्रखंड मुख्यालय तक जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*695. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखंड अंतर्गत घरारी गाँव जिसकी आबादी लगभग 2 हजार से अधिक है, चारो तरफ नदी से घिरा हुआ है, जिससे गाँव के लोगों के लिए नाव ही आवागमन का साधन है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक करेह नदी पर सिर्निया से घरारी के बीच पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*696. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला अंतर्गत हरसिद्धि प्रखंड में गायघाट पुरानी बाजार से मठ जोहियार जाने वाली पथ अत्यंत जर्जर है जिसके कारण बरसात में आवागमन बिल्कुल ठप हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची एवं जर्जर सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रजवाहा का जीर्णोद्धार

*697. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रघुनाथपुर रजवाहा के दोनों तट क्षतिग्रस्त हो गया है एवं मिट्टी से भर गया है जिसके कारण उक्त राजबाहा का पानी प्रवाहित हो कर बर्बाद हो जाता है, जिससे अंतिम छोर किसानों को सिंचाई कार्य में बाधा पहुँचती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त रजवाहा का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*698. श्री विजय कुमार मण्डल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिंघासों के वार्ड नं0-04 (चार) में श्री बसंत यादव के घर के निकट तालाब के दक्षिण और पश्चिम किनारे की सड़क कच्ची है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नाला बनाना

*699. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भभुआ जिलान्तर्गत कुदरा प्रखण्ड मुख्यालय में कुदरा के लालापुर बाजार में पथ निर्माण विभाग की सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं होने से हमेशा जल जमाव रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित स्थान पर दोनों तरफ नाला बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## राजकीय दर्जा देना

*700. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखण्ड स्थित बछवाड़ा समसा सड़क एवं भगवानपुर प्रखण्ड के भगवानपुर संजात सड़क आवागमन की दृष्टि से अत्यन्त ही महत्वपूर्ण सड़के हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों को पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत अधिग्रहण कर राजकीय मार्ग घोषित करने का प्रस्ताव तीन वर्षों से विचाराधीन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़कों को राजकीय दर्जा देने का विचार रखती है ?

---

## पथ का निर्माण

*701. श्री (डॉ0) अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा प्रखंड में महरौर हरपुर-भिरहा पथ जर्जर है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*702. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत एरकी कला के रतनपुरा गाँव में सम्पर्क पथ नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत एरकी कला में शिवगंज-रफीगंज पथ से भाया छोटकी एरकी होते हुए रतनपुरा गाँव तक लगभग 02.5 कि0 मी0 सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*703. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा-सासाराम मुख्य पथ से ग्राम-पसौर तक 10 माह पूर्व से सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाद की सफाई

*704. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के काशीचक प्रखंड के अंतर्गत धानपुर गाँव में लगभग 50 एकड़ का दो तालाब स्थित है जो गाद से भरा हुआ है, जिससे सिंचाई एवं मत्स्य पालन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो उक्त तालाबों के गाद की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*705. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बाखरपुर से सलेमपुर होते हुये मिर्जाचौकी स्टेशन के पास एन०एच० तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में सलेमपुर पंचायत के सलेमपुर घाट नदी में पुल नहीं रहने के कारण क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घाट पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*706. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू प्रखंड से कुवौलीढाला होते हुये कमालपुरा पंजाब नेशनल बैंक एवं महादानी चौक तक का सड़क 8 वर्षों से जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*707. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड में गंगाधरमपुर में राजकीय नलकूप विगत 30 वर्षों से बंद होने के कारण किसानों को पटवन करने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के गंगाधरमपुर राजकीय नलकूप को चालू कराने हेतु डी०पी०आर० तैयार कराया गया है । तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के उपरान्त निधि उपलब्धता के आधार पर नलकूप को चालू कराने की कार्रवाई की जायेगी ।

--------

पुल बनाना

*708. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के कैरी, बीरपुर से चैनपुर भाया बिशनपुर एम०एन०पी० योजना से निर्मित पथ पर चैनपुर के निकट पुल जर्जर है, जो गत वर्ष के बाढ़ में बहुत अधिक क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल के स्थान पर नया पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*709. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत/कोईसा खुर्द में मचवा गंडक में पुल नहीं है जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का पुनर्निर्माण

*710. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भभुआ जिलान्तर्गत कुदरा प्रखंड के बसही गाँव जाने वाली सड़क के बीच बना पुल क्षतिग्रस्त रहने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*711. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के तेलपा, भोगापुर के पास एसएच 68-बैदराबाद-शिवगंज पथ में बबुरीया खार में पुल अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पुनर्निर्माण

*712. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान सभा के हसनपुर से नयानगर तक पथ विगत 10 (दस) वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जर्जर पथ पर जल-जमाव होने से आमजनों को आवागमन में काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि वसूल करना

*713. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बाढ़ अनुमंडल के बेलछी प्रखंड के सकसांहरा (पश्चिमी) पंचायत के मनरेगा योजनाओं में की गयी अनियमितता की जाँच वर्ष 2015 में तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जाँच प्रतिवेदन में की गयी अनुशंसा के आलोक में दोषी पदाधिकारी एवं कर्मचारी से गबन की राशि अभीतक वसूल नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक गबन की राशि वसूल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*714. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण (बेतिया) जिलान्तर्गत धोकराहा-पी०डब्लू०डी० मुख्य पथ से दक्षिण नवगाँवा-डूमरिया सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*715. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत काठामाठा से टप्पू, चौथा पार्ट यथा लोहागाड़ा से टप्पू जाने वाली सड़क जर्जर हो गयी है जिससे क्षेत्र के लोगों को प्रखंड मुख्यालय जाने-आने में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु एक वर्ष पूर्व ही निविदा हो गया है, लेकिन संवेदक द्वारा अबतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का साथ दोषी संवेदक को काली सूची में डालकर उसपर कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*716. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड अंतर्गत बनकटवा पंचायत के ग्राम-बनकटवा से जमुनी नदी होते हुये पी०एम०जी०एस०वाई० रोड भवानीपुर तक कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कच्ची सड़क के कारण बरसात के दिनों में आवागमन अवरुद्ध होने से लोगों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*717. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 250 की जनसंख्या वाले ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2010 में लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत एन०एच० 101 के ग्राम पंचायत भवन, चोरौली से ग्राम-मछगरा दुबे टोला होते हुये ग्राम-ब्रह्म स्थान पीच रोड के बीच 2 कि०मी० कच्ची सड़क का पक्कीकरण नहीं हुआ है जबकि आबादी दो हजार है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*718. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत जोरी माईल (सबौर) से चम्पा नाला तक एन०एच० 80 तक की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त एवं परिवहन के लायक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसके निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*719. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के पूरवारी टोला के अरैया चुन्ना घाट के अर्जुन राय के घर के सामने बायाँ नदी पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को नदी पार आजे-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुलिया का निर्माण

*720. श्रीमती अरुणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नावादा जिला के पकरीवरावाँ प्रखंड में मड़वा-डुमरी पथ में मड़वा उच्च विद्यालय के पास कौड़िहारी नहर में 1962 में एक पुलिया बना जो वर्ष 2008 में ध्वस्त हो गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## अतिक्रमण से मुक्ति

*721. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सीतामढ़ी नगर में मेहसौल से जानकी स्थान जाने वाली सड़क के बीच लखनदेई नदी क्रॉस करती है, जिस पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण पुल निर्माण निगम द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल शहर के बीचों-बीच अवस्थित है, जो दोनों तरफ से अतिक्रमण के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पुल को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का जीर्णोद्धार

*722. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा-सासाराम मुख्य पथ के नगरी बाजार से चाँदडिहरी होते हुये मुकुन्दपुर तक विगत 2 वर्षों से सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*723. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सारण नहर प्रमंडल के अधीन सुल्तानपुर वितरणी नहर के सर्विस बाँध के दोनों तरफ एक लाख से अधिक की आबादी आवासीत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर के आस-पास के आबादी को आवागमन के लिये नहर के सर्विस बाँध ही एक मात्र साधन है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर के सर्विस बाँध होकर एन०एच० 102 तक सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*724. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज-बहादुरगंज पथ में स्थित पुल जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर पुल के स्थान पर नया पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*725. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा के त्रिवेणी महादलित बस्ती तक राज्य योजना मद से पक्की सड़क बनी हुयी है और दूसरी तरफ सिंहासनी ग्राम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सडक बनी हुयी है, दोनों सड़कों के बीच में सिंहासनी नासी है, जहाँ पर पुल निर्माण नहीं होने से त्रिवेणी महादलित बस्ती से प्रखंड मुख्यालय रामगढ़वा जाने में आम लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नासी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*726. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखंड गोरेयाकोठी के विन्दवल मुख्य सड़क से हरपुर जाने वाली सड़क जो गोरेयाकोठी प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती है के जर्जर होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*727. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत बांके नदी बहती है, जो लालबंदी, पीपरा परसाईन, पुरन्दाहा रजवाड़ा पूर्वी, विरता मुसहरनियाँ होते हुये गोगा नदी में जा कर मिलती है;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी में सिल्ट भर जाने से नदी की धारा बदल गयी है, जिससे वहाँ के किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी के पुरानी घाट से बालू निकालकर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*728. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत बंजरिया पंचायत के एन०एच० 28 से दारोगा टोला होते हुये नया एन०एच० 28 तक 1 कि०मी० सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कच्ची सड़क के कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*729. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अंतर्गत हथवारा पंचायत के निषाद चौक से श्रीकोल आदिवासी टोला तक 5 कि०मी० की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई सुविधा बहाल करना

*730. डॉ० मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटियाबम्बर प्रखंड अंतर्गत बिरजपुर गाँव के समीप लिधारा पईन को कृषकों द्वारा समतल कर अतिक्रमित कर लिया गया है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये सिंचाई सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) पईन को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मुंगेर के पत्रांक 870, दिनांक 22 नवम्बर, 2017 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर से अनुरोध किया गया है । अतिक्रमण मुक्त होने के पश्चात् योजना का डी०पी०आर० तैयार कराकर निधि उपलब्धता के आधार पर कार्रवाई की जायेगी ।

--------

ड्रेनेज की सफाई

*731. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत ड्रेनेज प्रमंडल, कोपरिया के अधीन प्रखंड आलमनगर में बसनवाड़ा धार ड्रेनेज का निर्माण 1971 ई० में हुआ किन्तु आजतक ड्रेनेज के तल की सफाई का कार्य नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पानी के बहाव में तेज़ी लाने हेतु ड्रेनेज की सफाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाईपास का निर्माण

*732. श्री राजु तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज बाजार में एस०एच० 74 सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में अरेराज बाजार के बाईपास के रूप में भैरव स्थान से बढ़ई टोला जाने वाली सड़क में पुलिया सहित पक्कीकरण का प्रस्ताव विचाराधीन है, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, जिससे अरेराज बाजार से आवागमन में आमलोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरेराज बाजार में जाम से निजात के लिये कबतक बाईपास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाद की सफाई

*733. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के घोड़ाघाट जलाशय अंतर्गत मुख्य कैनाल नहर, बगाही ब्रांच नहर एवं करमौनी ब्रांच का लाइन कच्चा है एवं नहर में गाद की सफाई नहीं होने से बरसात के दिनों में नहर का तटबंध टूट जाया करता है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित नहरों के लाइन का पक्कीकरण कराने एवं नहर में गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*734. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखंड के एन०एच० 31 बाँध पुल से बेलवा जाने वाली सड़क में बेलवाधार पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*735. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के N.H. 28 वन विभाग नर्सरी से बंसीलाल सहनी के घर तक का पक्की सड़क विगत दस वर्षों से जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीरण

*736. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखंड के एन०एच० 104 चनीपुर से एकता चौक तक, वासदेवपुर पंचायत के अरनामा पंचायत भवन से छोटा टोल अरनामा अनुसूचित जाति टोला रामपुर होते हुये धमेन्द्र चौधरी के घर तक की सड़क कच्ची रहने के कारण 10 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है ?

--------

पटना :
दिनांक 7 मार्च, 2018 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 107—डी०टी०पी०—500